हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 21 मई 2026

12 पशुओं के सुरक्षित रक्त प्रबंधन के लिए विकसित...



12 पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने के विरोध में प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### अब शिक्षा मंत्री सुनेंगे हांसी में शिकायतें

**हांसी।** प्रदेश सरकार के शिकायत विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जिला जनसंपर्क एवं शिकायत निवारण समिति की मासिक बैठकों की अध्यक्षता को लेकर आंशिक संशोधन किया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा 19 मई को जारी आदेश के मुताबिक अब उद्योग मंत्री राव नरवीर सिंह जिला पलवल की मासिक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वहीं स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा को जिला हांसी की जिला जनसंपर्क एवं शिकायत निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह संशोधन 16 मई को जारी पूर्व अधिसूचना में आंशिक बदलाव करते हुए किया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अधिसूचना की अन्य सभी शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।

### पॉलीथिन के प्रयोग पर 3 दुकानदारों के चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू व आईइसी एक्सपर्ट हरिराम गुज्जर ने बस स्टैण्ड के आस-पास के क्षेत्र में दुकानदारों के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग करने पर तीन दुकानदारों के चालान किए। नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया।

### 7.16 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने कुलेरी रोड अग्रोहा से एक आरोपी को 7 ग्राम 160 मि.ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान अग्रोहा के वार्ड 2 निवासी सन्नी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार एसआई सतपाल सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर थे। इस दौरान अग्रोहा शक्ति पीठ के सामने सूचना के आधार पर एक युवक को काबू किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सन्नी बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 7 ग्राम 160 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### दुर्घटना में मौत मामले में आरोपी जांच में शामिल

**आदमपुर।** पुलिस ने सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में आरोपी किशनगढ़ निवासी विनोद जांच में शामिल करके आरोपी के कब्जे से ट्रैक्टर बरामद किया है। थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया शर्मा ने गत 19 मई को किशनगढ निवासी मोती लाल की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार गत 18 मई को उसका भांजा अनमोल अपने मोटरसाइकिल पर किसी काम से चुली रोड पर जा रहा था। उस समय आरोपी द्वारा अपने ट्रैक्टर को गफलत व लापरवाही से चलाकर दुर्घटना कर दी गई और इलाज के दौरान उसके भांजे की मौत हो गई। इसी मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर बरामद किया है।

### सड़क दुर्घटना का आरोपी बस चालक गिरफ्तार

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने सड़क दुर्घटना में लगी चोटों के मामले में आरोपी बस चालक को गिरफ्तार किया है। चालक की पहचान शहर के वार्ड 9 निवासी सुरेश कुमार के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से निजी बस को बरामद किया गया है। एएसआई सुनीता बताया कि इस संबंध में गत 16 अप्रैल को बरवाला के दीपक के बयान पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार जब वह बस स्टेंड के सामने बस से उतरने लगा तो उक्त ने तुरंत अपनी बस को चला लिया, जिसके चलते बस का टायर उसके पैर के उपर से निकल गया। जांच के दौरान आरोपी चालक को जांच में शामिल करके आरोपी के कब्जे से बस को बरामद कर लिया गया है।

# जिले में पारा 45.4°, हांसी में एक ही दिन में जले तीन ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में भीषण गर्मी व लू का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिले का तापमान भी लगातार बढ़ रहा है वहीं जिला अधिकारियों ने बढ़ती गर्मी व हीट वेव को देखते हुए नागरिकों को सचेत रहने की सलाह दी है।

मई के दूसरे पखवाड़े में भीषण गर्मी व हीट वेव ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय सड़कें व गलियां सुनसान नजर आने लगी है और अधिकतम तापमान लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री रहा। प्रदेश में रोहतक सबसे गर्म रहा और रोहतक का अधिकतम तापमान 46.9 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों ने अभी और गर्मी पड़ने की चेतावनी देते हुए कहा है कि फिलहाल राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ही मौसम वैज्ञानिकों ने लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक घरों से बाहर न निकलें। आने वाली 25 मई तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है, वहीं 25 मई से शुरू होने वाले नौपता की वजह से तापमान और भी बढ़ सकता है।

### गर्मी बढ़ते ही हांसी में बिजली व्यवस्था चरमराई

*हांसी। गर्मी शुरू होते ही शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। मंगलवार को 11 केवी हाइवे फीडर पर एक ही दिन में 3 ट्रांसफार्मर जल जाने से शहर के कई इलाकों में घंटों तक बिजली सप्लाई बाधित रही। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी, वहीं बिजली कर्मचारियों ने निगम अधिकारियों की कार्यप्रणाली और लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के अनुसार जिन ट्रांसफार्मरों में खराबी आई उनमें ऑल्ड ऑटो मार्केट, मंडी सैनियान स्थित छबीला चक्की वाला ट्रांसफार्मर तथा एसडी कॉलेज के पास लगा ट्रांसफार्मर शामिल हैं। ट्रांसफार्मर जलने के कारण आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।बिजली कर्मचारियों का आरोप है कि अधिकारियों की गलत नीतियों, समय पर मेंटेनेंस नहीं होने और बढ़ते लोड के बावजूद क्षमता वृद्धि न किए जाने के कारण लगातार ऐसे हादसे हो रहे हैं। कर्मचारियों के अनुसार निगम लगातार नए बिजली कनेक्शन जारी कर रहा है, लेकिन न तो नए ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं और न ही पुराने ओवरलोड ट्रांसफार्मरों को बदला जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि लाइन स्टाफ द्वारा कई बार एरिया इंचार्ज और उच्च अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से समस्याओं से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।*



हांसी। ट्रांसफार्मर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

### जान जोखिम में डाल कर रहे काम

उमरा गेट कंप्लेंट सेंटर पर कार्यरत कर्मचारियों के अनुसार कई जगह स्विच सीधे जुड़े हुए हैं और अनेक ट्रांसफार्मरों पर एलटी फ्यूज लगाने तक के लिए कर्मचारियों को जान जोखिम में डालनी पड़ती है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि 11 केवी लाइन पर कई बार गलत तरीके से परमिट जारी किए गए, जिससे कार्य के दौरान हादसे की स्थिति बनी। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को डेंजर प्वाइंट्स के बारे में अवगत कराया गया, लेकिन आज तक उन्हें ठीक नहीं करवाया गया। बिजली कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी कर्मचारी के साथ कोई दुर्घटना होती है या जान-माल का नुकसान होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों और एरिया इंचार्ज की होगी। वहीं शहरवासियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा दावे किए जा रहे थे कि इस बार गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले बिजली निगम द्वारा बिजली सप्लाई सिस्टम को अपडेट और अपग्रेड कर दिया गया है और इस बार लोगों को गर्मी के मौसम में अनिश्चितकालीन बिजली कटों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**नाराजगी:** डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसोसिएशन ने की ई फार्मेसी पर रोक लगाने की मांग

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में मेडिकल स्टोर बंद, भटकते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होलसेलर व रिटेलर मेडिकल संचालक दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में उतरे आए है। बुधवार को होलसेलर और रिटेलर मेडिकल स्टोर संचालकों ने हड़ताल की और दिनभर अपनी दुकान बंद रखकर सरकार के खिलाफ रोष जताया। डिस्ट्रिक्ट कैमिस्ट एसोसिएशन ने सरकार से दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। एसोसिएशन ने दावा किया कि जिले में लगभग 1500 होलसेलर व रिटेलर दवाओं की दुकानें हैं जो आज लगभग पूरी तरह से बंद है। उधर, दवा विक्रेताओं की हड़ताल के चलते मरीज दवाओं पर्ची हाथ में लिए दिनभर इधर-उधर भटकते रहे।

हालांकि निजी अस्पतालों के अंदर स्थित मेडिकल स्टोर मरीजों की सुविधा के लिए जरूर खुले थे। वहां पर मरीजों को महंगे दामों पर दवा खरीदने पर मजबूर होना पड़ा। निजी अस्पताल के बाहर मेडिकल स्टोरों पर दवा खरीद पर मिलने वाली छूट अस्पताल के अंदर मेडिकल स्टोर पर नहीं मिल पाई। ऐसे में मरीजों को परेशानी के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा।







हिसार। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के विरोध में बंद मेडिकल स्टोर व उकलाना में मांगों के समर्थन में ज्ञापन देते दवा विक्रेता।

### सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो बनानी पड़ेगी आगामी आंदोलन की रणनीति

डिस्ट्रिक्ट कैमिस्ट एसोसिएशन हिसार के प्रधान सतीश आहुजा व महासचिव दीपक कालरा ने बताया कि जिले में करीब 1500 होलसेलर और रिटेलर है। जो जिले में करीब 1500 होलसेलर व रिटेलर है जिन्होंने एक दिन की हड़ताल की है। अस्पतालों में उपचाराधीन मरीजों को दवाओं की जरूरतों के लिए वहां मेडिकल स्टोर खुले थे लेकिन काली पट्टियां लगाकर विरोध जताया गया। इसके बाद भी सरकारी की तरफ से उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया तो आगामी योजना बनाकर आंदोलन किया जाएगा। अपनी मांग को लेकर वे जिला प्रशासन को पहले भी ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी ऑनलाइन दवाइयों की ब्रिकी पर रोक नहीं लगाई।

### ड्रग्स एक्ट में ऑनलाइन दवाइयां बेचने का कोई नियम नहीं

एसोसिएशन के पदाधिकारी ने बताया कि ड्रग्स एक्ट में ऑनलाइन दवाइयां बेचने का कोई नियम नहीं है। कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन दवाइयां बेचने की अनुमति दी थी। उसके बाद से कंपनियां ऑनलाइन दवाइयां बेच रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवाइयों की ब्रिकी के चलते नकली व नशीली दवाइयों की ज्यादा ब्रिकी होने की संभावना है जिससे लोगों का मेडिकल स्टोरों से विश्वास उठेगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक चिकित्सक की पर्ची देखने के बाद मरीज को दवा देता है और पर्ची पर स्टंप भी लगाता है, लेकिन ऑनलाइन दवा खरीदने में ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने मांग की कि सरकार को ऑनलाइन दवाइयों की ब्रिकी पर तुरंत रोक लगानी चाहिए।

### हड़ताल कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, जताया रोष

**उकलाना।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर बुधवार को दवा विक्रेताओं ने एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल करते हुए अपने मेडिकल स्टोर बंद रखे। हड़ताल के समर्थन में कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीसी के नाम नायब तहसीलदार राहुल राठी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं। दवा विक्रेताओं ने कहा कि अवैध ई-फार्मेसी संचालन और बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों की भारी छूट नीति से छोटे एवं मध्यम स्तर के मेडिकल स्टोर संचालकों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री से बिना वैध पर्चे के दवाइयां आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे जन स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो रहा है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि एंटीबायोटिक व नशे की आदत डालने वाली दवाओं के दुरुपयोग की आशंका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इस अवसर पर मोजी राम गोयल, मुकेश गोयल, राजकुमार सपरा, मदन गोयल, सौरभ धामू, राजेश मित्तल, राधेश्याम गिल, महेंद्र, नवीन कंसल, संजय थाकन, विनय जैन व राजेश अग्रवाल आदि थे।

## तंत्र विद्या से प्रॉपर्टी डीलर को फंसाकर रुपये ऐंठने में महिला थानेदार पर आरोप तय

**हिसार।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे की अदालत ने तंत्र विद्या से शहर के एक प्रॉपर्टी डीलर को फंसाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में महिला थानेदार पर आरोप तय कर दिए हैं। पुलिस ने इस संबंध में करीब 1000 पेज की चार्जशीट पेश की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोप तय किए। अब मामले की सुनवाई 9 जुलाई को होगी। महिला थानेदार पर केस दर्ज होने के बाद विभाग की ओर से उसे निलंबित किया जा चुका है। पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर के एडवोकेट ने बताया कि महिला थानेदार के खिलाफ 9 जून 2025 को आजाद नगर थाना में शिकायत दी गई थी। महिला थानेदार पर तंत्र विद्या में फंसा कर शरीरिक संबंध बनाने, महंगे गिफ्ट लेने और ब्लैकमेल कर रुपये एंठने का केस दर्ज होने के बाद तत्कालीन एसपी शशांक कुमार सावन ने जांच डीएसपी सुनील कुमार को सौंपी थी।

### 1000 पेज की चार्जशीट पेश, सुनवाई 9 को

डीएसपी ने जांच के बाद 1 अप्रैल को करीब 1000 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में पेश की थी। इसमें पीड़ित और महिला थानेदार के बीच हुई चैट, काल रिकाडिंग, वायस रिकाडिंग और अन्य सबूत पेश किए गए थे। चार्जशीट के आधार पर कोर्ट में आरोपी महिला थानेदार पर आरोप तय हो गए हैं। इस संबंध में पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने कहा था कि उसके पति प्रापर्टी डिलिंग का काम करते हैं। शिकायत के अनुसार उसके पति ने वर्ष 2023 में जमीन खरीदी थी। उसके बाद 14 अगस्त 2023 पर पति पर केस दर्ज हुआ था और कुछ समय बाद पुलिस विभाग में तैनात महिला पुलिस कर्मचारी का हमारे घर आना-जाना शुरू हो गया। इस दौरान महिला थानेदार ने मेरे पति को तंत्र विद्या से अपने वश में कर लिया। फिर मेरे पति के साथ उसने शारीरिक संबंध बनाए। पति को दिन-रात शराब के नशे में रखने गली। वह मेरे पति को चंडीगढ़, पिंजौर, कालका, शिमला, सिरसा और अन्य स्थानों पर लेकर गई और ब्लैकमेल कर रुपये लेती रही। शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की थी।

## ऑनलाइन निवेश के नाम पर 18.50 लाख रुपये की ठगी का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग एवं ऑनलाइन निवेश के नाम पर 18.50 लाख रुपये की ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के पटियाला स्थित आदर्श कॉलोनी निवासी जीवन सिंह के रूप में हुई है। साइबर थाना हांसी में तैनात एएसआई रामबिलास ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर ठगी की गई राशि में से 10 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं।

रिमांड अवधि पूरी होने उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता हांसी निवासी संदीप जो होलसेल दवाइयों का कार्य करता है, ने थाना साइबर अपराध में शिकायत दी थी कि मई 2025 में उसे फेसबुक पर एक फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और व्हाट्सएप नंबरों के माध्यम से संपर्क कर आरोपी पक्ष ने उसे यूएसडीटी शेयर ट्रेडिंग एवं ऑनलाइन निवेश में अधिक मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को कई फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइटों पर अकाउंट बनवाकर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए और उसे अधिक लाभ का लालच देकर निवेश के लिए प्रेरित करते रहे। शिकायतकर्ता ने जून 2025 से अगस्त 2025 के बीच आरटीजीएस, गूगल पे एवं अन्य माध्यमों से अलग-अलग बैंक खातों में 18. 50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब शिकायतकर्ता को ठगी का अहसास हुआ तो उसने थाना साइबर अपराध हांसी में शिकायत दी।

### साइबर ठगी के एक लाख रुपये वापस दिलवाए

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के एक लाख रुपये वापस दिलवाने में सफलता हासिल की है। आदमपुर थाना प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक प्रिया शर्मा के नेतृत्व में पीएसआई हरिओम ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार लुदास निवासी अनूपके साथ न्यू फॉर्च्यूनर गाड़ी की ऑनलाइन बुकिंग जल्दी करने के नाम पर 6.84 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई थी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तुरंत एनसीसीआरपी पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया गया। आदमपुर पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ठगी गई राशि को फ्रीज करवाया। कानूनी प्रक्रिया और कोर्ट के नियमों के अनुसार सुपरदारी की प्रक्रिया को पूरा कर एक लाख रुपये की राशि पीड़ित के खाते में वापस सुरक्षित पहुंचा दी गई।

## सीसर से 18 बंधवा मजदूर परिवार सहित मुक्त करवाए

- हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सीसर के ईंट भट्ठे पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सीसर में ईंट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों को भट्ठा मालिक ने उनकी मजदूरी न देकर बंधक बना लिया। कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सभी 18 मजदूर और उनके परिवार को वहां से मुक्त करवाकर उनको वापस अपने घर भेज दिया।

सीसर में आनंद ब्रिक्स कंपनी के नाम से ईंट भट्ठा लग हुआ है। अक्टूबर 2025 में यूपी के जिला शाहजहांपुर के गांव पटना देवकली से 18 मजदूर अपने परिवारों के साथ काम करने के लिए भट्ठे पर आ गए थे। मजदूर भैया सिंह, दिनेश ने बताया कि उस समय आते सारी मज़दूरी और अन्य शर्ते तय हो गई थी। सभी मजदूरों ने भट्ठे पर ईंट बनाने का काम शुरू कर दिया था। कुछ समय तक काम करते ही पैसे मिल जाते थे लेकिन पिछले महीने से मजदूरी का हिसाब नहीं किया गया। भट्ठे पर काम भी बंद कर दिया गया। हम हमारे परिवार भूखमरी के कगार पर पहुंच गए। जब दूसरी जगह काम पर जाने के लिए कहा तो नहीं जाने दिया। इसकी शिकायत प्रशासन से की गई लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ तो उसके बाद कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर एसडीएम विकास यादव ने चार सदस्यों की कमेटी बनाई जिनमें नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, लेबर इंस्पेक्टर अमित कुमार, बास थाना प्रभारी पवित्र सिंह और फूड एंड सप्लाई के अधिकारी नियुक्त किए गए।

कमेटी ने मंगलवार की रात को ईंट भट्ठे पर दबिश देकर सभी मजदूरों को वहां से मुक्त करवाया और उपमंडल परिसर में लाया गया। जहां पर उनको उनके घर वापस भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। देर शाम तक कार्रवाई जारी थी। एसडीएम विकास यादव ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश पर सभी मजदूरों को ईंट भट्टे से मुक्त करवा लिया गया है। सभी के कागजात तैयार करके सभी मजदूरों को उनके घर भेज दिया जाएगा। ईंट भट्ठे मालिक के खिलाफ लेबर विभाग द्वारा प्राथमिक की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



नारनौंद। उपमंडल परिसर में खड़े हुए सभी मजदूर और उनके परिजन।

### मजदूर बोले- प्रशासन ने तपती गर्मी में छोड़ दिया

मजदूरों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमें यहां खुले आसमान के नीचे इस तपती गर्मी में छोड़ दिया गया। उनको कोई सुविधा नहीं दी गई। हमारे छोटे छोटे बच्चे गर्मी में एक पेड़ के नीचे रहने पर मजबूर है। खाने के भी लाले पड़े हुए हैं। करीब 50 लोग यहां पर बैठने के लिए मंजबूर हैं।

26, 27, 29 और 30 मई पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे मैच

# ऑस्टेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित, हिसार की 3 समेत प्रदेश की 9 खिलाड़ी शामिल

2022 राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली सलीमा टेटे करेंगी टीम की कप्तानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार













हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए जिस भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की है उसमें हिसार की तीन खिलाड़ियों सविता, दीपिका और अनु सहित हरियाणा की 9 खिलाड़ी शामिल हैं। यह दौरा 26 से 30 मई तक पर्थ में होना है। चार मैचों का यह दौरा पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें मैच 26, 27, 29 और 30 मई को निर्धारित हैं। यह दौरा टीम को एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए तैयार करेगा, जो 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होना है। हरियाणा महिला हॉकी के वरिष्ठ कोच आजाद सिंह मलिक ने भारतीय टीम में हरियाणा की 9 खिलाड़ियों का चयन होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा हॉकी के लिए यह बहुत ही सम्मान की बात है। हरियाणा महिला हॉकी देश को अच्छे खिलाड़ी देने में अग्रणीय है। भारतीय टीम इस दौरे पर इस साल की शुरुआत में अर्जेंटीना में किए गए शानदार प्रदर्शन के बाद जा रही है, जहां उन्होंने चार मैचों की सीरीज में दो जीत हासिल करने के लिए जबरदस्त संघर्ष दिखाया था। तब से, टीम साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में कड़ी ट्रेनिंग कर रही है और आगे आने वाले व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सीजन की तैयारी के लिए अपने खेल के मुख्य पहलुओं को और बेहतर बना रही है। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली सलीमा टेटे आगामी दौरे के लिए टीम की कप्तानी करेंगी।

### भारतीय महिला हॉकी टीम

भारत-ऑस्ट्रेलिया दौरे 2026 के लिए जिस 22 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है उसमें गोलकीपर के लिए सविता (हिसार) व बिचू देवी खारीबाम, डिफेंडर्स में निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, लालथंतलुंगी, ज्योति (सोनीपत), शिल्पी डबास (सोनीपत), मिडफील्डर्स में सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, नेहा (सोनीपत), साक्षी राणा (सोनीपत), सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग, सोनम (शाहबाद), फॉरवर्ड्स के लिए नवनीत कौर (शाहबाद), बलजीत कौर, दीपिका (हिसार), अनु (हिसार), इशिका, हिना बानो, ऋ तुजा दादासो पिसाल का चयन हुआ है।

## ऋषि नगर में पहली मंजिल से गिरकर व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ऋषि नगर में घर की पहली मंजिल से गिरने से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि ऋषि नगर निवासी लगभग 50 वर्षीय रोशन घर की पहली मंजिल से गिर कर गंभीर घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

सूचना के बाद शहर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की बेटी पूजा ने बताया कि उसके पिता कुछ समय से दिमागी बीमारी से परेशान चल रहे थे। बुधवार सुबह दवा लेने के लिए अस्पताल में ले गए थे। दोपहर को दवा लेने के बाद घर पर आए। फिर पहली मंजिल पर बने कमरे का ताला खोलने लगे। इसी दौरान उनको चक्कर आ गया और जमीन पर गिर गए। सिर कारण सिर के पीछे गहरी चोट लगी। उस समय घर पर कोई नहीं पता।

### करंट से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत


**हिसार।** शहर के घोड़ा फार्म रोड पर डीएन कॉलेज रेलवे फाटक के पास दो दिन पूर्व रात्रि के समय तेल टैंकर ट्रेन पर चढ़कर रील बना रहा युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। लगभग 23 वर्षीय अंकुश रील बनाते समय हाईटेंशन वायर की चपेट में आने से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। फतेहचंद कालोनी में रहने वाले अंकुश का सेक्टर 14 स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। रेलवे थाना पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार फतेहचंद कालोनी निवासी अंकुश 12वीं पास है।



बढ़ते तापमान की वजह से कई ऐसे बैक्टीरिया, फंगस एक्टिव हो जाते हैं, जो फूड प्वॉइजनिंग की वजह बनते हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इसके होने के क्या कारण हैं, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं और इससे बचने के क्या उपाय हो सकते हैं।

# इस सीजन में बढ़ता है फूड प्वॉइजनिंग का रिस्क

प्रिकॉशन
डॉ. माजिद अलीम



इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। मौसम के बदलते मिजाज ने अचानक फूड प्वॉइजनिंग की समस्या पिछले सालों के मुकाबले कहीं ज्यादा बढ़ा दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक इसका कारण यह है कि सुबह तेज धूप होती है, दोपहर में जबर्दस्त उमस और बीच-बीच में अचानक बारिश हो जाती है। जिस कारण खाने-पीने की चीजें जल्दी खराब हो रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यह मौसम बैक्टीरिया और वायरस के पनपने का बेहद अनुकूल मौसम है। इसलिए इन गर्मियों में पिछले सालों के मुकाबले कहीं ज्यादा सावधानी से रहने की जरूरत है।

**रोग के कारण:** लोग अकसर सोचते हैं कि फूड प्वॉइजनिंग बाहर के खाने से होती है। सच यह है कि गर्मियों में घर का खाना भी जरा सी लापरवाही से संक्रमित हो जाता है। खासकर दूध, दही, कटे फल, चावल, मांसाहारी भोजन आदि। सड़क किनारे बिकने वाले खाद्य पदार्थ भी इस मौसम में बहुत जल्दी खराब होते हैं। वास्तव में गर्मी और नमी का मेल बैक्टीरिया के लिए आदर्श वातावरण तैयार करता है। ऐसे में यदि भोजन लंबे समय तक खुले में रखा रहा, तो उसमें संक्रमण होने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इस मौसम में सबसे ज्यादा खतरा उन खाद्य पदार्थों को लेकर होता है, जो लंबे समय तक बाहर रखे रहते हैं, बार-बार गर्म किए जाते हैं, बाहर खुले में बिक रहे होते हैं और गंदे पानी से बनाए गए होते हैं। इन दिनों सड़क किनारे मिलने वाले चाट, कटे फल, ठंडे पेय में इस्तेमाल पानी आमतौर पर सही नहीं होता। इस कारण ये संक्रमण का स्रोत बन जाते हैं।

**फूड प्वॉइजनिंग के लक्षण:** जब भोजन या पानी में वायरस, फंगस या जहरीले पदार्थों से संक्रमित हो जाता है, तो उसके खाने के बाद कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है, इसे फूड प्वॉइजनिंग कहते हैं। इसके सामान्य लक्षण हैं- उल्टी और मितली, दस्त, पेट दर्द और ऐंठन, बुखार, कमजोरी और चक्कर। कुछ मामलों में स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि मरीज को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है। फूड प्वॉइजनिंग यूं तो हर उम्र के लोगों को हो सकती है, लेकिन बच्चों और बुजुर्गों के लिए ये बहुत खतरनाक होती है।

**सावधानी है जरूरी:** फूड प्वॉइजनिंग केवल पेट खराब तक सीमित नहीं रहता बल्कि डिहाइड्रेशन, कमजोरी, ब्लड प्रेशर लो, किडनी पर असर, जैसी स्थितियां भी पैदा करता है। फूड प्वॉइजनिंग के चलते अगर मरीज को बार-बार उल्टी, दस्त हो रहे हों, मुंह सूख रहा हो या पेशाब कम आ रही हो, तो साफ संकेत है कि शरीर में पानी की खतरनाक कमी हो गई है। ऐसे में तुरंत ओआरएस, नींबू पानी, नारियल पानी और हल्का तरल भोजन दिया जाना चाहिए।



लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक लेना खतरनाक हो सकता है। क्योंकि कई बार गलत दवा संक्रमण को और ज्यादा बढ़ा देती है। फूड प्वॉइजनिंग होने पर दही-चावल, खिचड़ी और केला जैसे भोजन सुरक्षित रहते हैं। इस दौरान मसालेदार, बाजारू और तले-भुने खाने से पूरी तरह से बचना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** फूड प्वॉइजनिंग से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

- खाना हमेशा ढंककर रखें।
- बाजार से खरीदकर लाई गई सब्जियां और फल पहले अच्छी तरह धोएं, पोंछें तब फ्रिज में रखें।
- बासी भोजन बार-बार गर्म कर न खाएं।
- कटे फल देर तक खुले में न रखें।
- खाने से पहले हाथ अच्छी तरह धो लें।
- पीने के लिए साफ, उबला या फिल्टर पानी इस्तेमाल करें।
- उल्टी, दस्त शुरू होते ही शरीर में पानी की कमी न होने दें। *

स्पेशल: वर्ल्ड ब्लैडर कैंसर अवेयरनेस मंथ (मई)

मुख्य रूप से स्मोकिंग करने और कई अन्य वजहों से ओल्ड एज में यूरिनरी ब्लैडर कैंसर होने का रिस्क बढ़ जाता है। हर साल लाखों लोग इसकी चपेट में आते हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के साथ इसके रिस्क फैक्टर्स से खुद को बचाया जाए। साथ ही ब्लैडर कैंसर के शुरुआती लक्षणों को भी इग्नोर न किया जाए। इस बारे में और भी डिटेल में जानिए।

# ब्लैडर कैंसर न करें लक्षणों को इग्नोर



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. आकाश शाह
यूरो ऑन्कोलॉजिस्ट-रोबोटिक सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

हाल के वर्षों में मूत्राशय कैंसर (ब्लैडर कैंसर या यूरिनरी ब्लैडर कैंसर) के मामले दुनिया भर में बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यूरिनरी ब्लैडर कैंसर, दुनिया भर में नौवां सबसे आम कैंसर है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2022 में दुनिया भर में ब्लैडर कैंसर के 6 लाख से अधिक नए मामले सामने आए थे और इनमें से 2 लाख से अधिक मौतें हुई थीं।

## क्या है यह कैंसर

जब मूत्राशय (पेशाब की थैली) की कोशिकाओं के डीएनए में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) होता है, तब वे अनियंत्रित होकर बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बनाती हैं। इस स्थिति को यूरिनरी ब्लैडर का कैंसर कहा जाता है। यूरिनरी ब्लैडर (मूत्राशय या पेशाब की थैली) पेट के निचले हिस्से में स्थित एक लचीला और गुब्बारे के आकार जैसा अंग है। इसका मुख्य कार्य किडनी से आए मूत्र को शरीर से बाहर निकलने से पहले अस्थाई रूप से जमा (स्टोर) करना है। कैंसर आमतौर पर यूरिनरी ब्लैडर की अंदरूनी परत में शुरू होता है। हालांकि कैंसर शब्द डरावना है, लेकिन सच यह है कि अगर जल्दी पता चल जाए, तो ब्लैडर कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है।

## धूम्रपान एक प्रमुख कारण

यूरिनरी ब्लैडर (मूत्राशय या पेशाब की थैली) कैंसर का मुख्य कारण धूम्रपान है, जिसके कारण लगभग 50 प्रतिशत मामले सामने आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि तंबाकू के हानिकारक रसायन (जिन्हें कार्सिनोजेन कहा जाता है) खून में मिलकर और फिर किडनी द्वारा फिल्टर होकर यूरिन के रास्ते ब्लैडर में जमा हो जाते हैं। यह स्थिति ब्लैडर की परत को नुकसान पहुंचाती है।

अधिकांश लोगों की यह धारणा है, तंबाकू युक्त धूम्रपान से उत्सर्जित होने वाले रसायनों से केवल मुंह या फेफड़े के ही कैंसर होने का जोखिम होता है, जो सही भी है। इस धारणा का दूसरा पहलू भी है। वह यह कि जब हम धूम्रपान करते हैं, तब तंबाकू में मौजूद कैंसर पैदा करने वाले रसायन (कार्सिनोजेन) रक्त में घुल जाते हैं और फिर पेशाब के माध्यम से मूत्राशय में एकत्र हो जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप मूत्राशय की परत में जलन और सूजन होती है, जिससे मूत्राशय का कैंसर विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## ये भी हो सकते हैं कारण

स्मोकिंग करने के अलावा ब्लैडर कैंसर होने के कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं।

- 55-60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ब्लैडर कैंसर के मामले कहीं ज्यादा सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के साथ इस कैंसर का खतरा बढ़ता है। पुरुषों में महिलाओं की तुलना में ब्लैडर कैंसर होने की संभावना अधिक होती है।
- पेशाब की थैली यूरिनरी ब्लैडर में बार-बार संक्रमण होना भी कैंसर की वजह बन सकता है, जिसे मेडिकल भाषा में यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन कहते हैं।
- औद्योगिक रसायनों का एक्सपोजर यानी केमिकल एक्सपोजर भी कुछ मामलों में ब्लैडर कैंसर का कारण बन सकता है। उदाहरण के तौर पर रबर, चमड़ा, डाई, कपड़ा और पेंट उद्योगों में काम करने वाले लोग ऐसे माहौल में काम करते हैं, जहां नुकसानदेह रसायन मौजूद होते हैं। ऐसे रसायनों के संपर्क में आने से इस कैंसर के होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है।
- ब्लैडर में पथरी या संक्रमण भी कैंसर होने का रिस्क बढ़ा सकते हैं।

## इन लक्षणों को न करें इग्नोर

ब्लैडर कैंसर बीमारी के ज्यादा फैलने से पहले इसके लक्षणों को पहचानना जरूरी है।

**यूरिन म खून आना:** यूरिन गुलाबी, लाल या गहरे रंग का दिख सकता है। बहुत से लोग इस लक्षण को नजरअंदाज कर देते हैं। खासकर अगर दर्द न हो, तो यह मानकर कि यह समस्या किसी मामूली इंफेक्शन से संबंधित है। हालांकि यूरिन में खून का एक बार भी आना कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसकी डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

**बार-बार पेशाब आना:** सामान्य से ज्यादा जल्दी-जल्दी वाशरूम जाने की जरूरत पड़ना, जिसे अकसर सिर्फ बहुत ज्यादा पानी पीने के नाम पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

**अचानक पेशाब आने की इच्छा:** अचानक से बहुत ज्यादा पेशाब करने की जरूरत, जिसे अकसर ओवर एक्टिव ब्लैडर समझ लिया जाता है।



**यूरिन में जलन:** पेशाब करते समय दर्द, जिसे अकसर एक आम यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) समझ लिया जाता है।

हालांकि उपरोक्त लक्षण यूरिन से जुड़ी समस्या का संकेत देते हैं और कई मरीजों में आम हैं, ये अपने आप में कैंसर के पक्के संकेत नहीं हैं। इनके लिए मेडिकल जांच की जरूरत होती है।

## डायग्नोसिस के तरीके

अगर किसी व्यक्ति को ये लक्षण महसूस होते हैं, तो घबराएं नहीं। इसके लिए यूरो-ऑन्कोलॉजिस्ट शायद एक रुटीन यूरिन टेस्ट (यूरिन साइटोलॉजी), यूरिन कल्चर, अल्ट्रासाउंड और अगर जरूरत हो तो सीटी स्कैन टेस्ट करवा सकते हैं। अगर जरूरी हुआ तो विशेषज्ञ डॉक्टर एक सिस्टोस्कोपी करवा सकते हैं, जो एक ऐसा प्रोसीजर है, जिसमें एक सूक्ष्म कैमरा ब्लैडर में डाला जाता है- जिससे क्लीयर डायग्नोसिस हो जाता है।

## ब्लैडर कैंसर का इलाज

ब्लैडर कैंसर के उपचार की प्रक्रिया डायग्नोसिस के बाद उसके स्टेज पर निर्भर करती है। शुरुआती स्टेज के कैंसर का इलाज अकसर एंडोस्कोपिक सर्जरी से किया जा सकता है। एडवांस्ड स्टेज के लिए इलाज में कीमोथेरेपी के साथ-साथ यूरिनरी ब्लैडर के ट्यूमर की सर्जरी भी शामिल हो सकती है।

सर्जरी से पहले ट्यूमर को छोटा करने या बाद में बचे हुए कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए कीमोथेरेपी की जाती है।

यदि सर्जरी संभव नहीं है या कैंसर फैल चुका है, तो कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए रेडिएशन थेरेपी का सहारा लिया जा सकता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### बचाव के उपाय



**यूरिनरी ब्लैडर** कैंसर से बचाव का सबसे जरूरी कदम है अतिशीघ्र धूम्रपान से छुटकारा पाना। शरीर से नुकसानदेह विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए लगातार हाइड्रेट रहें। अगर आप इंडस्ट्रियल केमिकल्स का इस्तेमाल करते हैं तो वर्कप्लेस प्रोटेक्शन का ध्यान रखें। रेग्युलर हेल्थ चेक-अप बहुत जरूरी हैं, खासकर उन लोगों के लिए जिनमें रिस्क फैक्टर हैं। लक्षणों के सामने आने पर डॉक्टर के पास जाने में देरी न करें।

याद रखें यूरिन में एक बार भी खून आना एक मेडिकल इमरजेंसी है। इसके दोबारा होने का इंतजार न करें। तुरंत किसी यूरो-ऑन्कोलॉजिस्ट से मिलें। किसी भी कैंसर का सफल इलाज करने का तरीका है कि उसका जल्दी पता चल जाए और ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए।

कोरोना वायरस संक्रमण की महामारी के लगभग पांच साल बाद हंता वायरस संक्रमण से जुड़ी एक खबर ने दुनिया को चिंतित कर दिया है। ऐसे में घबराने के बजाय इस वायरस से संबंधित पूरी जानकारी लेना और सावधानी बरतना जरूरी है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# बहुत संक्रामक है हंता वायरस



अवेयरनेस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजिशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

हाल ही में एमवी हॉन्डियस क्रूजशिप पर हंता वायरस के मल्टीकाउंटर आउटब्रेक की खबर सुर्खियों में है, जिसमें कई लोग संक्रमित हुए और कुछ मौतें भी हुईं। इसने पूरी दुनिया की स्वास्थ्य एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। वैज्ञानिकों को शक है कि इसमें हंता वायरस का नया एंडीज स्ट्रेन शामिल हो सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में मानव-से-मानव ट्रांसमिशन की संभावना है। डब्ल्यूएचओ, सीडीसी और कई देशों की स्वास्थ्य एजेंसियां इसकी निगरानी कर रही हैं। कई देशों में यात्रियों की ट्रेसिंग और आइसोलेशन प्रक्रिया जारी है।

**कैसा है वायरस:** हंता वायरस आर्बो वायरस फैमिली की कैटेगरी में आने वाला जूनोटिक वायरस है, जो मूलतः चूहों और रोडेंट्स से इंसानों में फैलता है। लेकिन हंता वायरस का एक वैरिएंट है, एंडीज स्ट्रेन जो ज्यादा खतरनाक है। इसमें संक्रमण चूहों से नहीं, बल्कि चूहों के मल, मूत्र या स्लाइवा से संक्रमित हुए व्यक्ति के करीबी संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति को भी हो सकता है। इसकी मृत्यु दर लगभग 40 प्रतिशत है। मेडिकल साइंस की मानें तो हंता वायरस खास किस्म के चूहे, डीआर रैट्स में होते है। यानी ये संक्रमित चूहे हंता वायरस कैरियर होते हैं और वायरस उनके शरीर में मल्टीप्लाई होता रहता है। संक्रमित चूहे अपने मल, मूत्र और स्लाइवा के जरिए हंता वायरस को लगातार अपने शरीर से बाहर निकालते रहते हैं। यह मल, मूत्र जमीन या वस्तुओं की सतह पर सूख जाता है। जब कोई व्यक्ति उस जगह की साफ-सफाई करता है। झाड़ू लगाता है, वैक्यूम करता है या झाड़-पोंछ करता है। तो सतह पर सूखे हंता वायरस के छोटे-छोटे कण धूल के साथ हवा में घुल-मिल जाते हैं। उस हवा में सांस लेने पर हंता वायरस के कण अनजाने में उस व्यक्ति के शरीर में पहुंच जाते हैं और कुछ समय बाद व्यक्ति को संक्रमित कर देते हैं। इस प्रक्रिया को एरोसोलाइजेशन कहते हैं।

**कैसे फैलता है संक्रमण:** एरोसोलाइजेशन प्रक्रिया से। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहने पर। खांसने-छींकने के साथ बाहर निकले ड्रॉपलेट के संपर्क में आने पर। खाने-पीने की संक्रमित चीजों के सेवन से। संक्रमित वस्तुओं या सतह के संपर्क में आने और बिना हाथ धोए, गलती से आंख, नाक या मुंह छूने पर। चूहे के मरने के बाद बाहर निकले वायरस के संपर्क में आने पर।

**संक्रमण के लक्षण:** हंता वायरस का इंक्यूबेशन पीरियड काफी लंबा है। यानी व्यक्ति के शरीर में वायरस पहुंचने के 3-4 सप्ताह बाद संक्रमण के लक्षण दिखाई देते हैं। शुरुआती लक्षण सामान्य फ्लू जैसे होते हैं। बुखार, मांसपेशियों में दर्द, सिर दर्द, थकान, मितली और ठंड लगना। लेकिन समुचित उपचार न मिलने पर मरीज की हालत गंभीर हो जाती है। हंता वायरस फेफड़ों और किडनी पर अटैक करता है।



हंता वायरस पल्मोनरी सिंड्रोम (एचपीएस) में वायरस रेस्पिरेटरी ट्रेक से होता हुआ फेफड़ों की ब्लड वैसल्स पर अटैक करता है। फेफड़ों में पानी भरने लगता है, जिससे सांस लेना बेहद मुश्किल हो जाता है। वेंटिलेटर सपोर्ट न मिलने पर व्यक्ति की मौत हो सकती है। हंता वायरस रीनल सिंड्रोम (एचएफआरएस) में किडनी संक्रमित हो जाती है। मरीज को हेमरेजिक बुखार आता है, किडनी में अचानक ब्लीडिंग होने लगती है, पेशाब में खून आने लगता है। कई बार किडनी फेलियर हो जाने पर रोगी की मौत भी हो सकती है।

**रहें सतर्क:** तेज बुखार, अत्यधिक थकान, घबराहट, सांस लेने में तकलीफ, छाती में भारीपन या चेस्ट कंजंक्शन, सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रही हो तो डॉक्टर को जरूर कंसल्ट करें।

**कैसे होता है इलाज:** फिलहाल इसका कोई विशेष उपचार नहीं है लेकिन समय पर अस्पताल में भर्ती होने से जीवित बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इलाज मुख्य रूप से सपोर्टिव केयर पर आधारित है जैसे- ऑक्सीजन सपोर्ट, आईसीयू केयर, हाइड्रेशन, ब्रीदिंग सपोर्ट। मरीज के ब्लड में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं। ऑक्सीजन दिया जाता है, वेंटिलेटर पर रखा जाता है। प्लेटलेट्स ट्रांसफ्यूज किया जाता है।

**बचाव है जरूरी:** हंता वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, चूहों से दूरी रखना। चूहों की एंट्री घर में न होने पाए। खाने-पीने का सामान खुला न छोड़ें। एयर-टाइट डिब्बों में पैक करें। फल-सब्जियां पानी में अच्छी तरह धोकर इस्तेमाल करें। कोल्ड ड्रिंक कैन लें। उनके ऊपरी हिस्से को अच्छी तरह धो लें। संभव हो तो गिलास में पिएं। रात के वक्त किचन में बचा हुआ खाना या फिर पालतू जानवरों का खाना बिल्कुल खुला न छोड़ें। कूड़ेदान का ढक्कन कसकर बंद रखें ताकि चूहों के आने की आशंका न हो।

ज्यादा गंदगी या चूहों के मल-मूत्र की संदिग्ध जगह की सफाई के लिए झाड़ू या वैक्यूम क्लीनर के बजाय डिसइंफेक्टेंटयुक्त गीला पोंछा लगाएं। जहां तक हो सके, सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें जैसे- रबर के दस्ताने, अच्छी क्वालिटी का मास्क पहनें। साफ-सफाई के बाद, खाना बनाने या खाने से पहले, भीड़ भरी जगह से आने के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह धोएं। घर के आस-पास की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए रोजाना घर का बना ताजा, पोषक आहार का सेवन करें, हाइड्रेशन का ध्यान रखें, भरपूर नींद (6-7 घंटे) और रेग्युलर एक्सरसाइज (कम से कम 30 मिनट) करें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### डायग्नोसिस के तरीके




हंता वायरस से संक्रमण होने की आशंका होने पर मरीज का डायग्नोसिस जल्द से जल्द किया जाना जरूरी है। इसके लिए पीसीआर टेस्ट से संक्रमण की पुष्टि की जा सकती है। इसमें रोगी के ब्लड और यूरिन का टेस्ट किया जाता है।

आज के दौर में अनिद्रा और अच्छी नींद न आने से काफी लोग परेशान रहते हैं। इसके लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट प्लान में बदलाव के साथ कुछ आसान तरीके भी कारगर हो सकते हैं। हाथ-पैरों को गर्म रखना भी उनमें से एक तरीका है।

# अच्छी नींद के लिए हाथ-पैरों को रखें गर्म



सजेशन
मधु सिंह

अनेक स्थितियों में पैरों का ठंडा हो जाना बेचैनी, परेशानी और असहजता का कारण बन जाता है और इसमें वह स्थिति भी शामिल है, जब हम सोने के लिए अपने बिस्तर में जाते हैं। दरअसल, हमारे शरीर का तापमान हमारी नींद के चक्र को प्रभावित करता है।

## ताप से प्रभावित होती है नींद

ऑस्टिन की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर केनेथ डिलर के अनुसार, 'आपका शरीर उस समय सबसे अच्छा काम करता है, जब उसका केंद्रीय हिस्सा ठंडा होता है और सिरों या किनारों का हिस्सा गर्म रहता है।' दशकों के शोध से मालूम हुआ है कि जिन लोगों के हाथ व पैर गर्म रहते हैं, वे जल्दी और आराम से सो जाते हैं, उन लोगों की तुलना में जिनके शरीर के ये अंग ठंडे रहते हैं।

## सोने का ताप से संबंध

जब आप सोने के लिए तैयारी कर रहे होते हैं तो आपके शरीर को कूल डाउन करने की जरूरत होती है, यह संकेत देने के लिए कि आराम करने का समय हो गया है। दिलचस्प यह है कि ऐसा करने के लिए हाथों व पैरों को गर्म करने से मदद मिलती है क्योंकि आपका शरीर इनका प्रयोग गर्मी-निकालने (हीट-रिलीज) के क्षेत्र के रूप में करता है। डिलर के अनुसार, जब आपके हाथ व पैर गर्म होते हैं तो त्वचा की ओर रक्त संचार आसानी से होने लगता है, जिससे आपके शरीर के केंद्र से अतिरिक्त गर्मी बाहर निकल जाती है। जब आपके शरीर के केंद्रीय हिस्से का तापमान कम हो जाता है तो आपके दिमाग को संदेश मिलता है कि सोने का समय हो गया है।



लेकिन अगर आपके हाथ व पैर ठंडे रहते हैं तो वह गर्मी (हीट) बाहर नहीं निकल पाती, जिससे नींद का आना कठिन हो जाता है। डिलर कहते हैं, 'हाथों व पैरों को गर्म करने से आपका शरीर प्रभावी ढंग से सोने की अवस्था में आ जाता है, वर्ना आप बेचैनी में ही करवटें बदलते रहते हैं, इससे नींद का आना कठिन हो जाता है।'

## हाथ-पैरों को गर्म करने के तरीके

बिस्तर में जाने से पहले हाथों व पैरों को अनेक तरहों से गर्म किया जा सकता है। इनमें से सबसे सरल है-गर्म पानी से स्नान या शावर कर लिया जाए। डिलर आमतौर से शाम को वर्कआउट करते हैं और फिर शावर लेते हैं। अंत में वह तापमान को बढ़ा देते हैं, जो शुरू में थोड़ा सा अधिक महसूस होता है, लेकिन फिर आपको उसकी आदत पड़ जाती है। लेकिन तापमान को 111 डिग्री फॉरेनहाईट से अधिक न बढ़ाएं क्योंकि इससे ऊपर के तापमान पर आपका शरीर जल सकता है। हॉट शावर में जब त्वचा लाल होने लगती है तो यह वास्तव में संकेत हैं कि रक्त हाथों व पैरों की विशिष्ट वेसल्स में पहुंच रहा है, जो गर्मी को बाहर निकालने के लिए अच्छी तरह से खुल जाती हैं। हीटिंग पैड्स का इस्तेमाल भी किया जा सकता है, लेकिन सोने से पहले उन्हें निकाल देना चाहिए। इसके अलावा आप अपना एक हाथ अपने तकिए के नीचे रख सकते हैं। कुछ देर के लिए इस अवस्था में रहने से तकिए में धंसा हुआ आपका सर्वाइकल स्पाइन का क्षेत्र गर्म होता रहेगा, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। ऐसा करने से कुछ ही देर में हाथ व पैर गर्म हो जाएंगे। इसके अलावा अपने पसंदीदा मोजे पहनकर भी पैर के तापमान को गर्म किया जा सकता है। बहरहाल, आप तरीका चाहे जो अपनाएं, आपका लक्ष्य नींद में शरीर की सबसे बड़ी बाधा को दूर करना होना चाहिए। ठंडे हाथ व पैर नर्वस सिस्टम को सतर्क रखते हैं, गर्माहट उसे आराम करने के लिए प्रेरित करती है। *

## सड़क सुरक्षा समिति तथा डीटीपी टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# अवैध कट बनाने वालों को नोटिस डीसी ने दिए बंद करने के निर्देश

### डीसी ने ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के लिए विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई का लिया अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

जिला स्तरीय मासिक चिह्नित अपराध व सडक़ सुरक्षा समिति तथा डीटीपी टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सडक़ सुरक्षा, चिह्नित अपराधों की समीक्षा तथा अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई को लेकर अभी तक हुई प्रगति व कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कट और अनधिकृत ढाबों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी अवैध कटों को शीघ्र बंद करवाया जाए। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अवैध कट बनाने वालों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि हाइवे पर यातायात सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ढंढूर फ्लाईओवर पर यू-टर्न, सिरसा रोड पर तेजा मार्केट कट, भानू चौक हिसार तथा आजाद नगर के समीप एचटीएम कॉलोनी के ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के लिए विभागों द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्हें अवगत करवाया गया कि एचटीएम कॉलोनी के ब्लैक स्पॉट का समाप्त करने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है, जबकि अन्य तीन पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने किए 38 हजार 322 चालान

बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस साल जनवरी से अप्रैल माह तक नियम उल्लंघना पर पुलिस द्वारा 38 हजार 322 चालान किए जा चुके हैं। अप्रैल माह में आरटीए द्वारा एक करोड़ 16 हजार 800 रुपये के 328 चालान किए गए हैं।

### खामियों को प्राथमिकता के आधार पर करें दूर

बैठक में सड़कों की जर्जर स्थिति, खुले सीवरेज, चेतावनी संकेतकों की कमी तथा यातायात अव्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सभी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही के कारण यदि किसी व्यक्ति की जान जोखिम में पड़ती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है।

सड़कों की जर्जर स्थिति, खुले सीवरेज, चेतावनी संकेतकों की कमी पर हुई चर्चा

### 6 अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की

डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान जिले में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर भी चर्चा की गई। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि गत माह 6 अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की गई। इस माह भी कार्रवाई लगातार जारी है। संभावित अवैध कॉलोनियों की सूची नियमित रूप से संबंधित तहसीलदारों को भेजी जा रही है, ताकि ऐसी जमीनों की रजिस्ट्रियों पर रोक लगाई जा सके। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत सहित, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डीटीपी कार्यालय और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# योग साधकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। डायनासौर पार्क में योगाभ्यास करते योग साधक। फोटो: हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे योग जन-जागरण अभियान के तहत सेक्टर-4 स्थित डायनासौर पार्क में बुधवार को 5 दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर का उत्साह एवं ऊर्जा के साथ शुभारंभ हुआ। शिविर में सैकड़ों योग साधकों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति जिला हिसार के प्रवक्ता सुरेंद्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि शिविर का शुभारंभ सेक्टर-4 हाउसिंग बोर्ड के प्रधान राजकुमार गौड़ एवं रमेश श्योकंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में भारत स्वाभिमान न्यास हिसार के प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार एवं योग शिक्षक राजेश कुमार ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत स्वाभिमान के प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों से बचने के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ तन, शांत मन और संस्कारित जीवन की संपूर्ण जीवनशैली है।

### ये रहे मौजूद

मांगेराम, वजीर मोर, शमशेर पूनिया, प्रमेन्द्र, देवीलाल, उदयवीर पानू, रामप्रवेश, राकेश, जयप्रकाश, ब्रह्मानंद, सरोज, कमलेश, अनीता, अंजु, गीता, सुमन, मीना और प्रियंका सहित अनेक योग शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन



हिसार। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयुष विभाग द्वारा महावीर स्टेडियम के जूडो हॉल में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया है। गौरतलब है कि इस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत 18 मई को की गई थी। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों को सफल बनाना तथा आमजन को योग के प्रति जागरूक करना है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया ने बताया कि जून माह में विभिन्न प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सभी विभागों के सरकारी कर्मचारी भाग लेंगे। शिविर के दौरान योग विशेषज्ञ पूजा तथा योग प्रशिक्षक अनीता और सरोज द्वारा प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। प्रशिक्षण शिविर में शिक्षा विभाग से डिप्टी डीईओ अमनदीप, एईओ कुलदीप मलिक, जिला प्रधान शक्ति वेश, कुलदीप नैन, योग प्रशिक्षक मुकेश तथा वीरेंद्र सहित डीपीई, पीटीआई एवं शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों ने भाग लिया। शिविर में आयुष विभाग से डॉ छाया लांबा, डॉ मंजीत, डॉ सुभाष, योग सहायक प्रशांत शर्मा, अनीता, योग इंस्ट्रक्टर मनदीप सिंह, सरोज देवी एवं हरबंस की सक्रिय भागीदारी रही।

## न्यूज डायरी

### एनडीपीएस एक्ट के मामले में मुख्य सप्लायर चितोड़गढ़ से काबू

**बरवाला।** सीआईए स्टाफ बरवाला टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में असल सप्लायार चितोड़गढ़ के मायरा निवासी प्रहलाद राय को गिरफ्तार किया है। उस पर राजस्थान व मध्य प्रदेश में एनडीपीएस एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। सीआईए बरवाला टीम के एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष 25 अप्रैल को सीआईए स्टाफ बरवाला की टीम ने बरवाला से एक ट्रक पकड़ा, जिसमे 13 किवंटल डोडा पोस्त व 2 किलो 50 ग्राम अफीम बरामद किया गया। इसमे दो आरोपी पहले से गिरफ्तार किए जा चुके है। मामले में जांच के दौरान आरोपी प्रहलाद राय को गिरफ्तार करके अदालत में पेश करके चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### सट्टा खाईवाल करते एक काबू, 10 हजार रुपये बरामद

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करने वाले एक आरोपी को 10 हजार 200 रुपये के साथ काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोल कोठी निवासी विनोद उर्फ नोदी के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यू ऑटो मार्केट में एक व्यक्ति सरेआम लोगों को सट्टा लगाने के लिए उकसा रहा है। सूचना के आधार पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक रेडिंग पार्टी का गठन किया तथा एक बोगस ग्राहक को आवश्यक हिदायत देकर मौके पर भेजा गया, और भेजे गए बोगस ग्राहक द्वारा इशारा किए जाने पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से सट्टा खाईवाली में प्रयुक्त 10,200 रुपये बरामद हुए।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विद्यार्थी छाए


**हिसार।** इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सेंट पॉल हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी कला और अद्वितीय खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की बदौलत सेंट पॉल हाई स्कूल को बेस्ट स्कूल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. अलका मैनी ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। चैंपियनशिप के दौरान खेल के साथ-साथ सेंट पॉल के बच्चों का अनुशासन भी तारीफ के काबिल रहा।

### बडाला गोलीकांड मामले में दो दिन के रिमांड के बाद फौजी को भेजा जेल

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव बडाला में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई गोलीबारी मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी विकास उर्फ विक्की को पुलिस ने दो दिन के रिमांड के बाद बुधवार को फिर अदालत में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने उसे सोमवार को गिरफ्तार करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया था। इस मामले के अन्य आरोपित पुलिस की गिरफ्त में बाहर हैं। उनकों पकड़ने के उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही हैं। मामले के अनुसार गांव बडाला में 12 मई को साढ़े 18 एकड़ जमीन को लेकर को दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। गांव बडाला निवासी फौजी विकास उर्फ विक्की ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से गोलियां चलाकर तेजवीर, पवन और आदित्य को घायल कर दिया था और उसके बाद खुद के पैर में भी गोली मार ली थी।

# विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




जगाधरी स्थित सेंट थॉमस स्कूल में आयोजित सीआईएससीई जोनल लेवल योगा प्रतियोगिता में विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 आर्टिस्टिक सिंगल (कलात्मक एकल योग) वर्ग में यशस्वी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर-14 ट्रेडिशनल सिंगल (पारंपरिक एकल योग) वर्ग में हार्दिक ने सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं अंडर-17 आर्टिस्टिक सिंगल वर्ग में मन्नत ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इसके अतिरिक्त अंडर-14 रिदमिक पेयर (तालबद्ध युगल योग) प्रतियोगिता में धनवी एवं प्रिंसी की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंडर-14 आर्टिस्टिक पेयर (कलात्मक युगल योग) वर्ग में यशस्वी एवं रान्या की जोड़ी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया।

विद्यालय संचालक हरिपाल पिलानिया व प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि योग केवल खेल नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और अनुशासन का आधार है। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं निरंतर अभ्यास से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### गली में पथराव कर दहशत फैलाने वाले युवकों पर केस दर्ज, एक काबू

**हिसार।** शहर की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने गली में पथराव कर लोगों में भय का माहौल पैदा करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी नेता कॉलोनी निवासी प्रिंस उर्फ पुन्नी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया डंडा भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगत सिंह नगर निवासी संजय प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गली में रहने वाला एक युवक आए दिन शराब के नशे में गाली-गलौज करता है तथा मोहल्लावासियों को परेशान करता रहता है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी द्वारा पहले भी कई बार गली में ईंट-पत्थर फेंककर लोगों की गाड़ियों व मकानों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। पीड़ित पक्ष द्वारा पूर्व में भी पुलिस प्रशासन को शिकायत दी गई थी। इसके बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और गत देर रात करीब दो बजे दोबारा गली में पथराव कर दिया, जिससे घर के बाहर खड़ी गाड़ियों व मकान को नुकसान पहुंचा। विरोध करने पर आरोपी ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस मामले की जांच कर रही है

### सरकार ने हरियाणा को भ्रष्टाचार में झोंका : काजल

**हिसार।** जननायक जनता पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजमल काजल ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि हरियाणा में भ्रष्टाचार और रोड होल्डअप जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। राजमल काजल ने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग प्रदेश को लूटने में लगे हुए हैं और आम आदमी महंगाई व बेरोजगारी से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दस साल के शासन से तंग आकर जनता ने भाजपा को मौका दिया था, लेकिन भाजपा सरकार भी प्रदेशवासियों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी।



### 23 को रोहतक में होगा कांग्रेस की 'सद्भाव यात्रा' का समापन

**हिसार।** करीब साढ़े सात महीने और 231 दिनों तक हरियाणा के विभिन्न जिलों एवं विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण करने के बाद कांग्रेस की 'सद्भाव यात्रा' का समापन आगामी 23 मई को रोहतक में किया जाएगा। यात्रा के समापन अवसर पर प्रदेशभर के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों से किसान, मजदूर, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप देंगी। यह जानकारी पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीर सिंह दलाल, धर्मवीर गोयत, उदयवीर पूनिया तथा विजय कौशिक ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि समापन समारोह में कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्षों, पूर्व कार्यकारी अध्यक्षों और वर्तमान प्रदेश नेतृत्व को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा तथा पार्टी की एकजुटता का संदेश दिया जाएगा।
कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा ने प्रदेशभर में लगभग 2800 किलोमीटर का सफर तय किया। यात्रा में करीब 150 स्थायी यात्री लगातार उनके साथ जुड़े रहे। इस यात्रा के प्रमुख सूत्रधार वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे। यात्रा की शुरुआत 5 अक्तूबर को नरवाना विधानसभा के गांव दनौदा स्थित ऐतिहासिक चबूतरे से की गई थी।

### स्टेशन पर आवागमन का रास्ता देने की मांग उठाई

**आदमपुर।** आदमपुर रेलवे स्टेशन पर आवागमन का रास्ता देने तथा पैमाइश फिर से कराने की मांग को लेकर जवाहर नगर संघर्ष समिति के पदाधिकारी तथा पंचायत सदस्यों ने उपायुक्त एवं एसडीएम से मिले। जवाहर नगर के सरपंच कुलदीप ज्यानी, संघर्ष समिति के हैप्पी चोपड़ा, विनोद वर्मा तथा भाजपा नेता मुनीश ऐलावादी तथा राजन ग्रोवर ने एसडीएम ज्योति मित्तल को सारी स्थिति से अवगत कराया एवं नक्शा दिखाते हुए बताया कि आदमपुर रेलवे स्टेशन शहर के बीचो-बीच स्थित है तथा एक तरफ जवाहर नगर है तथा दूसरी तरफ आदमपुर है। इस दीवार के बनने से जवाहर नगर के सारे रास्ते बंद हो जाएंगे तथा इमरजेंसी सेवा में भी लोगों को 2 किलोमीटर घूम कर आना जाना होगा। इससे परेशानी के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी होगा। इन्होंने बताया कि जवाहर नगर की तरफ कोई भी मुख्य बाजार, सरकारी कार्यालय, बैंक, डाकघर थाना, तहसील सहित कई कार्यालय नहीं है। इसके चलते हजारों लोगों विद्यार्थियों, दुकानदारों, मजदूरों व आम लोगों को अपने काम को लेकर इधर से उधर आना जाना पड़ता है। रास्ता बंद होने से भारी परेशानी होगी।





### एचएयू माउंटेनियरिंग क्लब की टीम माउंट फ्रेंडशिप अभियान के लिए रवाना

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब की पर्वतारोहण अभियान टीम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल 20 से 27 मई तक माउंट फ्रेंडशिप (5289 मीटर) पर पर्वतारोहण करेगा। अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 25 छात्र सदस्य भाग ले रहे हैं। टीम का नेतृत्व माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी करेंगे, जबकि सलाहकार के तौर पर डॉ. विक्रम भी दल के साथ रहेंगे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियां विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने अभियान दल को सुरक्षित एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय लोगों की संस्कृति, जीवनशैली और कृषि पद्धतियों को समझने के लिए भी प्रेरित किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने भी टीम की तैयारियों और उत्साह की सराहना की। प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए समुचित प्रबंध के प्रति आभार व्यक्त किया।

**श्रद्धांजलि** गुरुकुल आर्यनगर में स्वामी देवानंद महाराज की पुण्यतिथि मनाई

# गुरुकुल में जुटे शिक्षाविद, पूर्व छात्र एवं श्रद्धालु, वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंजा परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। स्मृति चिह्न देते गुरुकुल आर्यनगर के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

गुरुकुल आर्यनगर संस्कृत विद्यापीठ के संस्थापक पूज्य स्वामी देवानंद महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं वैदिक परंपराओं के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरुकुल परिसर में विशाल यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से गुरुकुल आर्यनगर के प्रधान पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सेठ मांगेराम प्रधान अनाज मंडी,कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार आर्य, गुरुकुल आर्यनगर के संस्थापक और प्राचार्य एवं कुलपति राम स्वरूप शास्त्री, मानसिंह पाठक, महामंत्री एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल आदि बड़ी संख्या में शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पूर्व विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर दिवंगत स्वामी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ से हुआ। उपस्थित विद्वानों एवं वक्ताओं सहित सुमेधानंद सरस्वती ने स्वामी देवानंद महाराज के शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा, त्याग और वैदिक संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित रहा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रामफल वर्मा, सूर्यदेव वेदांशु, इंद्रदेव शास्त्री, सुनीता प्राचार्या, डॉ संजय शर्मा, सत्यवान बालक, देवव्रत प्राचार्य, ईश आर्य, ब्रह्मचारी दीप कुमार, डॉ लखी राम, गणेश शास्त्री जय सिंह, सीता राम, श्वेता शर्मा, हिमांशु आर्य खोवाल,सुरेंद्र आर्य नगर आदि मौजूद रहे।

# हिन्दू पब्लिक स्कूल के छात्र चिराग राठी की भारतीय टीम में धमाकेदार एंट्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा राज्य से अंडर-18 बॉस्केटबॉल भारतीय टीम में दो विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। जिसमें एक हिन्दू पब्लिक स्कूल, चौधरीवास के छात्र चिराग राठी का चयन हुआ है जो पिछले 6 वर्षों से हिन्दू स्कूल में अजय श्योराण के मार्गदर्शन में बॉस्केटबॉल का प्रशिक्षण ले रहा है। इनकी चिराग की प्रतिभा निहारने में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। बॉस्केट बॉल प्रशिक्षक कृष्ण कुमार की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम में चयन के मौके पर चिराग राठी के लिए एक समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल अजय श्योराण व डॉ. सुषमा ने विद्यार्थियों को खेल और पढ़ाई का महत्त्व बताते हुए व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उधर, हिन्दू स्कूल के छात्र प्रतिवर्ष अपना परचम भारतीय टीम में लहरा रहे हैं। स्कूल के विद्यार्थी रहे वर्ष 2015 में विद्यालय के प्रदीप, 2016 में विक्की हुड्डा, सत्यजीत, 2017 में गौरव श्योराण, 2022 में ललित ने भी अपनी लगन व कठोर मेहनत का परिचय दिया है। इतना ही नहीं 76वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए पुंडुचेरी 22 मई से 29 मई 2026 तक में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की टीम में हिन्दू स्कूल के ही 4 विद्यार्थी अजय राठी, सचिन राठी, राहुल राय और सारिका का चयन हुआ है।

### नशे को रोकने के लिए पुलिस की गश्त

**नारनौंद।** पुलिस द्वारा नशा तस्करी एवं नशे के दुष्प्रभावों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार ने पुलिस बल के साथ शहर में पैदल गश्त की। गश्त के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों तथा नशेड़ियों के संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध गतिविधियों की गहनता से जांच की गई तथा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी गई। अभियान के दौरान पुलिस ने दुकानदारों, युवाओं एवं आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

### अल्ट्रासाउंड सेवाओं के लिए अस्पतालों का पैनल तैयार

**हांसी।** जिला प्रशासन द्वारा गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने हेतु निजी अस्पतालों का पैनल तैयार किया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मदान अल्ट्रासाउंड एंड डायग्नोस्टिक्स, गांधी कॉलोनी, हांसी, देव अल्ट्रासाउंड तथा गर्ग हॉस्पिटल में स्थापित अल्ट्रासाउंड केंद्र को सरकारी अस्पतालों से रेफर की गई गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड हेतु अधिकृत किया गया है।

# ग्रामीणों ने दिया अल्टीमेटम, मांग पूरी नहीं तो कल करेंगे एक घंटे रोड जाम

## बिजली-पानी की मांग को लेकर चानौत में चल रहा धरना पांचवें दिन भी जारी

- पाइपलाइन से पानी का स्थायी कनेक्शन नहीं मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन
- कई संगठनों ने दिया आंदोलन को समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड़ स्थित गांव चानौत में बिजली और पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर चल रहा धरना बुधवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। पांचवें दिन धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ महिलाएं और युवा भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक गांव को पाइपलाइन से पानी का स्थायी कनेक्शन नहीं दिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

उधर, ग्रामीणों ने बैठक कर प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो वे 22 मई को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक एक घंटे का सांकेतिक रोड़ करेंगे। इसके बाद 24 मई तक अगर सरकार सुनवाई नहीं करेगी तो 25 मई को राजली से हांसी शहर पाइपलाइन में खुद ग्रामीण टी प्वाइंट लगाकर कनेक्शन करेंगे। इस दिन तमाम किसान संगठन, खाप पंचायत, टोल कमेटी व गैर सरकारी संगठन धरने का समर्थन करेंगे।



हांसी। बिजली और पानी की समस्या को लेकर धरने पर बैठे चानौत के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

उधर, धरने को समर्थन देने के लिए विभिन्न किसान संगठनों, खाप प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के नेता भी मौके पर पहुंचे। रोघी खाप प्रधान सुमेर सिंह जागलान, भारतीय किसान मजदूर यूनियन और भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों सहित किसान नेता दशरथ मलिक, कांग्रेस नेता तेलूराम जांगड़ा तथा भाजपा नेता नरेश यादव ने धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मांगों को जायज ठहराया और प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि गांव के पास से पाइपलाइन गुजरने के बावजूद चानौत गांव को पानी उपलब्ध न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीण लंबे समय से पेयजल संकट झेल रहे हैं और अब अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर रहे हैं।

धरने को संबोधित करते हुए ग्लोबल ह्यूमन राइट्स की एशिया अध्यक्षा विशाखा चौधरी, गांव के पूर्व सरपंच सत्यवान दूहन और मौजूदा सरपंच हिमांशु दूहन ने कहा कि जब तक गांव को पाइपलाइन से कनेक्शन नहीं मिलेगा, तब तक धरना जारी रहेगा और पाइपलाइन का कार्य भी नहीं होने दिया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता अनूप चानौत ने कहा कि जनहित को देखते हुए सरकार को राजली से चानौत होते हुए हांसी शहर जाने वाली पाइपलाइन में गांव को कनेक्शन देना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को स्थायी रूप से पेयजल सुविधा मिल सके।



हिसार। महंगाई के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला जलाते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

## पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

- कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का जलाया पुतला

हिसार। देश व प्रदेश में महंगाई के विरोध में शहरी कांग्रेस ने बुधवार को प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के पुतले का दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला शहरी प्रधान बजरंग गर्ग ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार आई है तब से बेहताशा महंगाई बढ़ी है। देश व प्रदेश में खाद्य वस्तुओं के दामों में भारी भरकम बढ़ोतरी से जनता में भारी नाराजगी है। सरकार ने कमर्शियल सिलेंडर 993 रुपये व 5 किलो वाला सिलेंडर के 261 रुपये बढ़ोतरी कर जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 3 रुपये लीटर की बढ़ोतरी करने के बावजूद मंगलवार को भी 90 पैसे पेट्रोल व डीजल के दामों में बढ़ोतरी करने से जनता में भारी नाराजगी है। देश व प्रदेश में लगातार महंगाई से आम जनता की मुश्किलें बढ़ रही है। दिलबाग सिंह हुड्डा, बीर सिंह ख्यालिया, सत्यवान पानू, तेजवीर पूनिया, संतोष जून, सतेन्द्र सहारण, भारत सोनी, गीता आहूजा, रत्नकुमार बडगुजर, अमर गुप्ता, राजेश मुंडई, सोनू लंकेश, सोविन भाटला, विकास ढांडा, रोहित दलाल, अजय मलिक आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी पकड़ा

हांसी। थाना शहर हांसी पुलिस ने अदालत से गैरहाजिर चल रहे एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रामायण निवासी जगमेंद के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ चेक बाउंस का मामला अदालत में विचाराधीन था। और आरोपी लंबे समय से अदालत में पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहा था। लगातार गैरहाजिर रहने पर अदालत ने 23 मार्च 2026 को आरोपी को उद्घोषित आरोपी घोषित कर दिया था।

### तीन दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम कल से

हिसार। आर्ट ऑफ लिविंग हिसार शाखा की ओर से 22 से 24 मई तक तीन दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं शिक्षक नीरज गुप्ता ने बताया कि शिविर का आयोजन सायं 5 से 8 बजे तक सेक्टर 13 पार्ट 2 के मकान नंबर 40 में किया जाएगा। हैप्पीनेस प्रोग्राम का संचालन संयुक्त रूप से नीरज कुमार गुप्ता व सीमा अरोड़ा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर में जीवन की रोज़ाना चुनौतियों का सामना करने का व्यवहारिक ज्ञान, संवादात्मक (इंटरैक्टिव) अभ्यास, योगासन और विश्राम दायक शारीरिक व्यायाम, ध्यान और प्रभावशाली श्वास प्रक्रियाएं करवाई जाएगी।

### भाविप, वीर शाखा की कार्यकारिणी बैठक

हिसार। भारत विकास परिषद की वीर शाखा की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य एवं वीर शाखा के अध्यक्ष डॉ. रमेश आर्य ने की, जबकि मंच संचालन शाखा सचिव प्रो. सुनील कुमार ने कुशलतापूर्वक किया। बैठक में नवीन सत्र 2026-27 के लिए शाखा की नई कार्यकारिणी के दायित्वों की घोषणा की गई। घोषित नई कार्यकारिणी में विजय चावला, कुलभूषण शर्मा, चन्द्रभान वर्मा, धर्मपाल गर्ग, डॉ. कविता मल्हान तथा वी.डी. भुटानी को शाखा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रो. विवेक श्रीवास्तव को शाखा संगठन सचिव तथा डॉ. राजीव वर्मा को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया।

### जागरूकता शिविर चार जून से शुरू

हिसार। विद्यार्थियों को एकाग्रता का महत्व समझाने, निरंतर आगे बढ़ने के उपाय सिखाने और आंतरिक विकास के लिए सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 4 से 7 जून तक मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। शिविर के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि इस कैंप में 17 वर्ष तक के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इतना ही नहीं विद्यार्थियों के परिजनों व अन्य साधकों के लिए भी 4 से 7 जून तक चार दिवसीय प्रेम और जागरूकता पर आधारित ध्यान शिविर का आयोजन होगा।

### 23 को लगेगा निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर

हिसार। भाविप हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 23 मई को समाजसेवी शिवकुमार गोयल उकलाना वालों के सहयोग से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन करके उचित परामर्श देंगे। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि हिसार के बस स्टैंड के पास स्थित दिव्यांग केंद्र में समाजसेवियों के सहयोग से निरंतर निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाए जा रहे हैं।

## 15 जून से शुरू होगा घर-घर मतदाता सूची सत्यापन अभियान

- उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 15 जून से 14 जुलाई तक चलने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में बुधवार को हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 15 जून से सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने से संबंधित मतदान केंद्र के क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। उन्होंने बूथों के रेशनलाइजेशन के कार्य को भी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक लगभग 74 प्रतिशत डेटा मैपिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। आगामी सप्ताह में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।



## 24 तक मांगें न मानीं तो 25 को बंद होगा बस स्टैंड का गेट: संघर्ष समिति

हिसार। रोडवेज हिसार डिपो के महाप्रबंधक की नीतियों के खिलाफ कर्मचारियों का धरना बुधवार को लगातार छठे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अमित जुगलान ने की, जबकि मंच संचालन जितेंद्र शर्मा ने किया। धरने के दौरान सांझा संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन को तेज करने की रणनीति पर चर्चा की गई। समिति ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 मई तक कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 25 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक हिसार डिपो का मुख्य गेट पूरी तरह बंद किया जाएगा। कर्मचारियों ने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी महाप्रबंधक और प्रशासन की होगी। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है और उनके धैर्य की परीक्षा ली जा रही है। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। धरने में अनूप श्योकंद, दयानंद सरसाना, हनुमान जांगड़ा, बजरंग लाखा, सत्यवान सिवाच, कर्मबीर मसूदपुर, राजपाल डाटा, अजय दुहन, दर्शन जांगड़ा, रमेश यादव, पवन कन्नोह, अनूप सातरोड, रोहताश मोडाखेड़ा और रोहताश कुंडू आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## मानसून से पहले जल शक्ति मिशन के सभी कार्य पूरे करने के निर्देश

- जल शक्ति मिशन के तहत जल संरक्षण एवं संचय कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जल शक्ति मिशन 2026 के तहत जिले में जल संरक्षण एवं जल संचय कार्यों की प्रगति को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में सभी विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आगामी मानसून से पूर्व सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में तालाबों की सफाई, वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण तथा जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्य समय रहते पूर्ण किए जाएं, ताकि मानसून के दौरान अधिक से अधिक वर्षा जल का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए तथा जहां आवश्यकता हो वहां नए सिस्टम स्थापित किए जाएं। इसके साथ ही स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए जल शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए।



हिसार। जल संरक्षण एवं जल संचय कार्यों की प्रगति को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद। फोटो : हरिभूमि

## समाज परिवर्तन और राष्ट्र-निर्माण में पत्रकारिता की भूमिका सदैव सकारात्मक : विक्रांत

- विश्व संवाद केंद्र व राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वारा देवर्षि नारद जयंती पर 'पत्रकार मिलन और संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय एवं विश्व संवाद केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को देवर्षि नारद जी की जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकार मिलन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय समाज परिवर्तन में पत्रकारिता की भूमिका रहा। इस अवसर पर जिले के तमाम प्रबुद्ध और प्रखर पत्रकारों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आकाशवाणी के सहायक निदेशक पवन कुमार व वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र उप्पल ने पत्रकारिता पर विचार सदन में रखे।




हिसार। देवर्षि नारद जी की जयंती कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य वक्ता विक्रांत, मुख्य अतिथि जीएसटी संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार, प्राचार्य विवेक कुमार सैनी।

### नारद निर्भीकता और तटस्थता के प्रतीक : कृष्ण कुमार

मुख्य अतिथि एवं संयुक्त आयुक्त (जीएसटी) कृष्ण कुमार ने श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश को उद्धृत करते हुए कहा कि साक्षात योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी ऋषियों में नारद जी को सर्वश्रेष्ठ बताया है, क्योंकि वे पूर्णतः तटस्थ रहकर लोक-कल्याण करते थे। उन्होंने कहा कि नारद जी अत्यंत निष्पक्ष थे, वे अपनी बात हर लोक में पूरी निर्भीकता के साथ कहते थे। आज पत्रकारिता को लोकतंत्र का जो चौथा स्तंभ माना जाता है, वह वास्तव में हमारे लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है।

### सनातन पद्धति में सामंजस्य के पुरोधा हैं नारद मुनिः डॉ. सैनी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने अपनी वैचारिक टिप्पणी में कहा कि हमारी सनातनी पद्धति और संस्कृति इतनी महान है कि हम इस सृष्टि के हर छोटे-से-छोटे कण को भी पूजनीय और वंदनीय मानते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर में मीडिया ने बढ़ाया देश का मानः विक्रांत

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं सह प्रान्त प्रचार प्रमुख विक्रांत ने संबोधन में कहा कि भारतवर्ष में पत्रकारिता की भूमिका सदैव सकारात्मक और राष्ट्र-प्रथम की भावना से ओतप्रोत रही है। उन्होंने हाल ही के वैश्विक घटनाक्रम का संदर्भ देते हुए कहा कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के समय जब पूरी दुनिया भारत के खिलाफ घेराबंदी करने का प्रयास कर रही थी, तब भारतीय मीडिया ने अग्रिम मोर्चे पर डटकर सेना के अदम्य शौर्य को पूरी दुनिया के सामने रखा।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला प्रचार प्रमुख डॉ. संदीप, गोष्ठी की मूल प्रस्तावना व भूमिका संयोजक सुशील कुमार, जिला सह प्रचार प्रमुख डॉ. रविंद्र, विभाग संघचालक पवन, जिला संघचालक भूपेंद्र, सह जिला संघचालक मोहित, जिला कार्यवाह सतीश कुमार, संतोष शास्त्री, सत्यवान सौरभ आदि मौजूद रहे।

## आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सराहनीय

हिसार। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मनोनीत नगर निगम पार्षद सुरेश गोयल धूप वाला ने कहा है कि आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक और रेबीज जैसी घातक बीमारी से आमजन की सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया हालिया फैसला अत्यंत सराहनीय और समय की आवश्यकता के अनुरूप है। सुरेश गोयल ने कहा कि न्यायालय द्वारा रेबीज से पीड़ित, हिंसक एवं खतरनाक आवारा कुत्तों को मारने की अनुमति देना मानव जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला निर्णय है। उन्होंने कहा कि आज देश के अनेक शहरों, कस्बों और गांवों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन छोटे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और राहगीरों पर हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं। कई लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है।सुरेश गोयल नें कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि राज्य सरकारें, नगर निकाय और प्रशासन सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को गंभीरता से लागू करें ताकि नागरिक भयमुक्त वातावरण में जीवन यापन कर सकें।




हांसी। प्रणामी टैलेंट हंट के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करती स्कूल मुख्याध्यापिका पिंकी यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## प्रणामी टैलेंट हंट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की चमक, विजेता विद्यार्थी हुए सम्मानित

हांसी। श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रणामी टैलेंट हंट सीजन-4 रंगारंग प्रस्तुतियों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में गायन, नृत्य, मोनो एक्टिंग, क्ले मॉडलिंग तथा वादन जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अध्यापिका पिंकी यादव ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती हैं और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। स्कूल अध्यक्ष राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव, प्राचार्य अनिल कुमार एवं अन्य शिक्षकों ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन कल सौंपेगी ज्ञापन

हिसार। हरियाणा कर्मचारी महांघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी की बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर 22 मई को अधीक्षक अभियंता परिमंडल हिसार पब्लिक हैल्थ के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को जल घरों को पंचायत के अधीन करने के विरोध में व फील्ड कर्मचारियों की लंबित मांगों संबंधित ज्ञापन देने बारे निर्णय हुआ। बैठक की अध्यक्षता सतबीर सुरलिया जिला प्रधान ने की।



नारनौंद। सफाई कर्मचारी हड़ताल पर बैठकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

नारनौंद। ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार छह दिन से हड़ताल पर हैं। इससे गांव की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। गांव की गलियों में जगह-जगह पर कूड़े के ढेर देखे जा सकते हैं। हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने बीडीपीओ कार्यालय में धरना देते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा जब तक हड़ताल खत्म नहीं की जाएगी। सफाई कर्मचारियों को ब्राह्मण सभा बारह खाप के प्रधान सुरेश खेड़ी, फायर ब्रिगेड से देवेंद्र लोहान, सिंचाई विभाग से प्रदीप, मास्टर योगेन्द्र माजरा समर्थन देने के लिए पहुंचे तथा कहा कि सरकार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा करना चाहिए। सफाई कर्मचारी नेता सतीश भैणी ने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को विधानसभा में एक्सग्रेसिया पॉलिसी बनाकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाए। मृतक के आश्रितों को नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। इस दौरान ब्लॉक प्रधान सतीश भैणी, राजपाल नाडा, संजय मिर्चपुर, सुनीता निर्मला, राजबीर, चंद्रभान राजथल, बिमला, सरोज मोठ आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

सम्मान | लुवास के वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि

## पशुओं के सुरक्षित रक्त प्रबंधन के लिए विकसित उपकरण को मिला डिजाइन पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) ने एक बार फिर पशु चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित 'पालतू पशुओं के रक्त संग्रह एवं रक्त चढ़ाने संबंधी उपकरण' को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से डिज़ाइन पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि पशु चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी सुधार और आधुनिक चिकित्सा प्रणाली की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह डिज़ाइन पेटेंट विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. तरुण कुमार, डॉ. सुनील पूनिया, डॉ. शिविका गुप्ता, डॉ. अंकित मगोत्रा, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. नीलेश सिंधु एवं डॉ. दिव्या अग्निहोत्री को प्रदान किया गया है। आज के समय में पशुओं में रक्त संग्रहण और रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया बेहद संवेदनशील मानी जाती है। संक्रमण, रक्त की बर्बादी तथा तकनीकी असुविधाओं जैसी कई चुनौतियां पशु चिकित्सकों के सामने रहती हैं। ऐसे में लुवास के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित यह विशेष उपकरण इन समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस उपकरण को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि रक्त संग्रहण और रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, सरल, सुविधाजनक और प्रभावी बन सके। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद संबंधित वैज्ञानिकों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेंट की।



हिसार। कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा से मिलते लुवास के वैज्ञानिक।